51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 19.6°c | अधिकतम 38.6°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

आज की अमृतवाणी

मुसीबत में अगर मदद मांगना हो तो सोच समझकर मांगना, क्योंकि मुसीबत थोड़े समय के लिए आती है और एहसान जिंदगीभर का।

मैंने शाम 7 बजे नरेन्द्र मोदी जी को 1000 करोड़ दिए हैं,अब कर लो उनको गिरफ़्तार : अरविन्द केजरीवाल

सूर्योदय : 5:52, सूर्यास्त : 6:46 | वर्ष : 51/ अंक : 104 | रविवार, 16 अप्रैल 2023 | बैसाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

ये क्या-क्या कह रहे हैं आप.... आप भी क्या अजीब हैं.....

भाजपा के टिकट में फंसा फच्चर

- भाजपा में गौरव स्वरूप तथा विजय शुक्ला के बीच जंग
- सपा और रालोद के सभी प्रत्याशियों पर लगी हाईकमान की मुहर
- बसपा और कांग्रेस की नजर लगी भाजपा के बागियों पर

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। नगर निकाय चुनाव को लेकर उठपटक के बीच आज समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने अपने पत्ते खोल दिए। भाजपा के टिकट को लेकर पेंच फंसे रहने के कारण सूची के ऐलान में देरी हुई। दूसरी ओर बसपा व कांग्रेस के बारे में चर्चा रही कि दोनों पार्टियां ऐसे उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं जो भाजपा से टिकट ना मिलने की स्थिति में नाराज होकर उनकी झोली में गिर सकता है। समाजवादी पार्टी ने शहर सीट पर राकेश शर्मा की पत्नी लवली शर्मा तथा बुढ़ाना नगर पंचायत के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष सपा प्रमोद त्यागी के भाई की धर्मपत्नी उमा त्यागी को टिकट देने का ऐलान किया है। दूसरी ओर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने नगरीय निकाय चुनाव के नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसमें

मुजफ्फरनगर और शामली जिले में रालोद कोटे के नाम भी शामिल हैं। आज घोषित निकाय प्रत्याशियों की सूची में सपा ने जहां एक भी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया है, वहीं रालोद ने अपने कोटे की चार सीटों में तीन पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। लखनऊ में रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों की पहली सूची जारी करते हुये बताया कि खतौली से शाहनवाज लालू, पुरकाजी से बसारत खां, जानसठ से आबिद हुसैन, सिसौली से श्रीमती नीरज, शामली नगर पालिका से विजय कुमार कौशिक, जलालाबाद से अब्दुल गफ्फार, गढ़ी पुख्ता से प्रमोद, कांधला से मिर्जा फैसल बेग, बनत से कुसुम के नाम शामिल हैं। जिले की चरथावल और मीरापुर सीट भी सपा के खाते में रहेगी। इसके अलावा भोकरहेड़ी नगर पंचायत आजाद समाज पार्टी को दी गई है। दूसरी ओर जिस भाजपा के टिकट पर सभी की नजर है और जहां सबसे अधिक मारामारी है, वहां टिकट की जंग आज भी जारी रहते सूची का ऐलान नहीं हो पाया। दिन भर गौरव स्वरूप को टिकट मिलने की चर्चाएं रहीं तो शाम को गौरव स्वरूप और विजय शुक्ला के बीच टिकट को लेकर पेंच फंसा होने की खबरें उड़ती रहीं। मुजफ्फरनगर पालिका के टिकट को लेकर घमासान के चलते दूसरी सूची भी अटक गई। बताया गया है कि आज प्रदेश अध्यक्ष जिले समेत अन्य स्थानों की सूची लेकर हाईकमान की मुहर लगवाने दिल्ली गए थे। इसके बाद चर्चा रही कि लखनऊ से लौटकर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाएगा। हालांकि शाम को खबर आई की मौजूदा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला गौरव स्वरूप के रास्ते में दीवार बनकर खड़े हो गए हैं। इसमें उन्होंने गौरव के ताजा ताजा भाजपा में शामिल होने का कार्ड खेलते हुए हाईकमान में अपने सूत्रों को सक्रिय किया। हालांकि पार्टी में इस बात को लेकर भी मंथन रहा कि वैश्य बहुल सीट पर किसी गैर वैश्य को टिकट देकर पार्टी को अपनी फजीहत नहीं करानी है, खासतौर से तब जबकि सपा से पहले की मजबूत ब्राह्मण नेता राकेश शर्मा की पत्नी का टिकट हो चुका है। इस बीच चर्चा रही कि बसपा और कांग्रेस में इस बात को लेकर मंथन चल रहा है कि भाजपा से टिकट कटने की स्थिति में किसी नेता को टिकट दिया जाए। बताया गया है कि ऐसे कुछ नेता इन पार्टियों के संपर्क में बने हुए हैं। ऐसे में बसपा और कांग्रेस की टिकटों का ऐलान भी रुका हुआ है।

अतीक और अशरफ की गोली मारकर हत्या

- मेडिकल कॉलेज के पास सरेआम हुई वारदात
- रात में चिकित्सा जांच के लिए ले जा रही थी पुलिस
- पुलिस हिरासत में ही दनादन गोलियां बरसाईं
- तीनों हमलावरों ने किया आत्मसमर्पण

प्रयागराज, 15 अप्रैल(एजेंसी)। उमेश पाल हत्याकांड के मामले को लेकर चर्चा में आए माफिया सरगना अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की देर रात अस्पताल परिसार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि हमलावरों ने गोलियां चलाने के साथ नारे भी लगाए। पुलिस हिरासत में इन दोनों को पांच दिनों की रिमांड पर लाया गया था। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही थी। आज अतीक की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें चिकित्सा के लिए मैडीकल ले जाया जा रहा था। इसी बीच मेडिकल कॉलेज के पास दोनों की हत्या कर दी गई। घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। हमलावर फर्जी मीडिया कर्मी आए थे वह तीनों गिरफ्तार हो गए। उनके नाम सनी, लवलेश और अरुण बताए गए हैं। उन्होंने की हत्या,शूट करने के बाद तुरंत पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। घटना के बाद पुलिस भी हक्की बक्की रह गई। घटना के बाद एडीजी लॉ एंड

ऑर्डर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भी इस घटना पर नाराजगी जताई है और पुलिस अधिकारियों को तलब किया है।

इलाके को पुलिस ने घेर लिया है। अतीक और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में हत्या कर दी गई है। हत्या किसने की यह अभी पता नहीं चला है। शनिवार रात अतीक अहमद को कॉल्विन अस्पताल में मेडिकल के लिए ले जा रही पुलिस की गाड़ी पर हमला किया गया। गाडी से उतारकर पुलिस दोनों को पैदल अस्पताल के अंदर ले जा रही थी। इस दौरान मीडिया कर्मी भी उससे बात करने की कोशिश कर रहे थे। अतीक मौन था और अशरफ ने जैसे ही बोलना शुरू किया और गुड्डू मुस्लिम को लेकर कुछ कहना चाहा तो वहां पास में आ गए एक युवक ने अतीक के सिर को निशाना बनाकर बेहद करीब से गोली मारी। इसके बाद अतीक नीचे गिर गया। इसके बाद अशरफ को गोलियां मारी गईं। गोलियां चलते ही पुलिसकर्मी और मीडिया कर्मी नीचे गिर गए। बताया गया है कि हमलावर तीन थे। हत्या के बाद तीनों ने भागने की भी कोशिश नहीं की। गोली मारने वाले ने हाथ ऊपर उठाकर सरेंडर कर दिया।

शेष खबर-पृष्ठ- 4 पर

दस वर्षीय छात्र पर प्ले कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। एक पब्लिक स्कूल में प्ले कक्षा की साढ़े तीन साल की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी दस वर्षीय छात्र हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी छात्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। साथ ही बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा है। सूत्रों के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी साढे.तीन साल की बेटी का दाखिला मोहल्ले में ही एक स्कूल में प्ले कक्षा में कराया है। यहां दस वर्षीय एक बच्चा भी कक्षा एक में पढ़ता हैं। आरोप है कि शुक्रवार को एक दस वर्षीय छात्र को बहला फुसला कर उसकी बेटी को स्कूल की छत पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। छुट्टी के बाद पीड़ित बच्ची ने घर पहुंच कर अपनी मां को इस बारे में जानकारी दी। उस समय बच्ची का पिता घर पर नहीं था। शनिवार को बच्ची का पिता घर पहुंचा और परिचितों के साथ बेटी को लेकर कोतवाली पहुंचा। पुलिस न मुकदमा दर्ज कर लिया। सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। बच्ची को भी मेडिकल के लिए भेजा है।

चालान काटने से नाराज विद्युतकर्मियों ने थाने के क्वार्टरों व पुलिस चौकी की काटी विद्युत सप्लाई

भोपा। भोपा पुलिस द्वारा विद्युतकर्मी का चालान काटने से नाराज विद्युतकर्मियों ने थाने के क्वार्टरों व पुलिस चौकी पर अवैध रूप से बिजली चलाने का आरोप लगाते हुए वहां का केबल काट दिया, जिसके बाद पुलिस चौकी व पुलिस क्वार्टरों में अंधेरा छा गया, जिसके बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई। भोपा गंगनहर पर चालान काटने से नाराज हुए विद्युतकर्मियों ने पुलिसकर्मियों के क्वार्टरों व मोरना चौकी पर जाकर कनेक्शन काटते हुए पुलिस विभाग में खलबली मचा दी। विद्युत उपकेंद्र भोपा पर तैनात संविदा विद्युतकर्मी वतन कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम वह और उसके दो साथी गांव मोरना में खराब विद्युत लाइन को सही करने गये थे। विद्युत उपकेंद्र पर वापिस लौटते समय भोपा गंगनहर पुल पर पुलिस द्वारा चैकिंग अभियान चलाया हुआ था। विद्युतकर्मी के अनुसार वह बाइक पर तीन कर्मचारी बैठे हुए थे। तीन सवारी देखकर गंगनहर पर चैकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने विद्युतकर्मियों का चालान काट दिया। विद्युत कर्मियों ने भोपा पुलिस से चालान न काटने की गुहार लगाई, लेकिन फिर भी पुलिस ने विद्युतकर्मियों का चालान काट दिया, जिसके बाद नाराज विद्युतकर्मियों ने थाने पर पहुंचकर पुलिसकर्मियों के क्वार्टरों को निशाना बनाते हुए अवैध रूप से चल रही बिजली काट दी। उसके बाद में नाराज विद्युतकर्मी मोरना पुलिस चौकी पर भी पहुंच गये और चौकी पर अवैध बिजली के कनेक्शन का आरोप लगाते हुए वहां का भी केबिल काट दिया, जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है और क्वार्टरों व चौकी में अंधेरा छाया हुआ है। क्षेत्राधिकारी भोपा राम आशीष यादव ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, जानकारी की जायेगी।

SKB AAROGYAM
Multi Speciality Healthcare (Hospital)
24/7 इमरजेंसी सुविधा

डॉ. अमित वधावन
M.B.B.S., D.C.H., F.N.N.F.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

- वैंटीलेटर केयर
- सी पेप
- जन्म के समय न रोना
- कम वजन वाले बच्चों की देखभाल
- फोटोथैरेपी सुविधा
- टीकाकरण
- बच्चों में बुखार, दस्त, निमोनिया, एलर्जी, पीलिया आदि।
- नवजात एवं बच्चों की ओ.पी.डी.
- बच्चों की फीजियोथैरेपी की सुविधा

कृपया नाम लिखवाकर ही आयें।

-: OPD : -
प्रातः 11 से सायं 5 बजे तक
Doctor will be available on call.

श्रीमती (डॉ.) एस. गुप्ता
M.B.B.S., D.G.O.
Obstetrics & Gyanecology

डॉ. दीपिका नेगी
M.B.B.S., M.S.
Obstetrics & Gyanecology

- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था)
- सिजेरियन व हाई रिस्क प्रसव
- महावारी की अनियमित्ता
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बार-बार गर्भपात होना
- सफेद पानी (ल्यूकोरिया) आना
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पेशाब में बदबू व जलन
- मोनोपोज की समस्या व पी.सी.ओ.डी.
- छाती की गांठ की स्क्रीनिंग
- लैप्रोस्कोपिक प्रोसिजर्स
- सर्वाइकल कैंसर की जाँच व इलाज
- दूरबीन द्वारा नसबंदी का ऑपरेशन

-: OPD : -
सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
सायं 3 से 7 बजे तक
सोमवार से शनिवार

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत चयनित सेवाएँ एवं प्रमुख टी.पी.ए. द्वारा कैशलेस ईलाज की सुविधा

निकट स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल,जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
7300740070, 7300740072, 8791897001

संकल्प न्यूरोसाइकेट्री एवं नशा मुक्ति क्लीनिक

गली नं0 1 सदर बाजार, मुजफ्फरनगर
मुजफ्फरनगर क्लीनिक : सोमवार से शनिवार
(बुधवार शाम एवं रविवार अवकाश)
फोन पर नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें : 8439864093, 9760430210

डॉ. रमन बालियान
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (न्यूरोसाइकेट्री)
मस्तिष्क, मानसिक रोग, नशा उन्मूलन एवं सैक्स रोग विशेषज्ञ

दिमागी बीमारियां एवं उनके लक्षण

सिरदर्द व नसों का दर्द : सिरदर्द के साथ उल्टी जैसा लगना या होना, माइग्रेन बदन व हाथ में दर्द होना, सिर में भारी पन बना रहना, सुन्नापन, गर्दन में दर्द व नसों में दर्द रहना।
डिप्रेशन, उदासी : मन उदास रहना, गुमसुम रहना, नींद न आना, भूख कम लगना, निराशाजनक बातें सोचना, आत्महत्या का ख्याल होना, हर समय तनाव होना व चिन्ता से घिरे रहना, अपने आप को बीमार समझना।
चिन्ता/एन्जाइटी/घबराहट : दैनिक क्रियाकलाप में राहत या बेचैनी होना, लोगों से मिलने–जुलने में घबराहट महसूस करना, डर लगना, दिल की धड़कन तेज होना।
अल्जाइमर्स (डिमेशिया-भूलना) : याद्दाश्त की कमजोरी, लोगों को ना पहचानना, दैनिक दिनचर्या में अनियमितता एवं हिसाब–किताब न रख पाना व चीजों को रखकर भूल जाना।
यौन सम्बन्धी मानसिक रोग : शीघ्र पतन होना, लिंग में तनाव कम होना, यौन इच्छा में कमी, धात की शिकायत, नाईट फॉल।
नशा मुक्ति : विभिन्न प्रकार के नशे आदि का होगा, शराब, गांजा भांग स्मैक, कोकीन क्सोटोन, फोर्टविन, कोरेक्स, नींद की गोलियां आदि का नशा करना, चाह कर भी न छोड़ पाना।
अनिद्रा : नींद न आना या नींद देर से आना, नींद खुलने पर व दिन के समय में भी थकान महसूस करना।
मेनिया : बहुत ज्यादा बोलना, बड़ी–बड़ी बातें करते रहना, अत्याधिक प्रसन्न रहना, अत्याधिक चिड़चिड़ापन होना, तोड़–फोड़ करना, अपने आगे किसी को भी नहीं समझना।
बच्चों में होने वाले मानसिक रोग : अत्याधिक चंचल होना, पढ़ाई में मन न लगना, बायोफीडबैक थैरेपी मंदबुद्धि, अलग–अलग रहना, नजर न मिलाना, बिस्तर गीला करना, पढ़ाई याद न रख पाना, इन्टरव्यू से पहले डर लगना।
भय/फोबिया : बिना कारण किसी खास वस्तु, जगह या परिस्थितियों से डर या घबराहट होना जैसे खून, भीड़, बस, ट्रेन व ज्यादा ऊंचाई देखकर घबराहट होगा, हाथ पैर फूलना, बंद जगह या खुली जगह में घबराहट होना।
पेट सम्बन्धित (आई.बी.एस.) : पेट में ज्यादा गैस व एसिड बनना, गैस दिमाग से टकराना, लम्बे समय से पेट खराब रहना और सभी जांचें नॉर्मल आना।

शाहपुर क्लीनिक - प्रत्येक बुधवार अपराह्न 3:00 बजे से 7:00 बजे तक, मो. 8266974083
डॉ. मंजुला बालियान मेमोरियल आशीर्वाद हॉस्पिटल एण्ड अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर, मेन रोड, शाहपुर

ओ३म्
Raghuviri Devi Public School
Recognized English Medium School with CBSE Pattern
Budhana Road , Shahpur , Muzaffarnagar (U.P ,251318)
Email : admin@rdpublicschool.org
website : www.rdpublicschool.org
☎: +91- 999-778-6795
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

कक्षा नर्सरी से 8वीं तक प्रवेश प्रारंभ

- गरीब किसान वर्ग , दिव्यांग , विधवा , बी.पी.एल (BPL) कार्डधारक परिवार के बच्चों की फीस में 20% छूट ।

हमें क्यों चुनें

- भारतीय संस्कृति के साथ आधुनिक शिक्षा
- औषधिक पौधों तथा घरेलू बागवानी रोपण की शिक्षा
- सप्ताहिक वैदिक यज्ञ के द्वारा पर्यावरण शोधन की शिक्षा
- हर गाँवो वाहन -व्यवस्था(स्कूल चले हम)
- नियमित पाठ्येतर गतिविधिया
- आत्म-अनुशासन के लिए दृष्टिकोण की शिक्षा
- स्मार्ट कक्षाएं , कंप्यूटर कक्षाएं , योग कक्षाएं , कमांडो व्यायाम

Requirements:
English-speaking , Computer & P.T.I Teacher
Mobile No : +91-8171036865

DS PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi, Play to 12th)
(Science, Commerce & Humanities Stream)
International School Award by BRITISH COUNCIL

REGISTRATION & ADMISSION OPEN
PLAY TO IX & XI

Registration Forms are available for the admission from Play to IX & XI classes on all working days between 8:00 A.M. to 2:00 P.M.

REQUIREMENT

Trained, Well Qualified, Fluent in English, Hard Working, Experienced candidates from C.B.S.E. Schools, having knowledge of computer as well as of operating smart class are required for the following posts :-

1. P.G.T. - Physics, English, Computer Science, Physical Education, Mathematics.
2. T.G.T. - English, Computer, Social Science, Hindi.
3. P.R.T. - All Subjects.
4. Lab Assistant - Physics and Biology.
5. Nursery Teacher.

Note - Submit/send your Resume with recent passport size photograph to School office or Email at - dspublicschool@rediffmail.com
'Attractive salary for deserving candidate'

Venue : Circular Road, Near Railway Crossing, Muzaffarnagar (U.P.) Ph. No.: 9105200054, 8192895168,
E-mail : dspublicschool@rediffmail.com
Website : www.dspublicschool.in

कम्पनी बाग में गन्दगी का अम्बार, सफाई कर्मचारी किसके घर कर रहे हैं काम

देश का ऐसा पहला गार्डन जहां पर लगे पौधों पर एक भी फूल नहीं, हर तरफ फैली है गन्दगी ही गन्दगी, लोगों में दिखा आक्रोश

फोटो बुलेटिन मेरठ रोड स्थित कम्पनी बाग में बंद पड़ा शौचालय तथा उसके पास फैली गन्छगी, शौचालय में टूटे पड़े दरवाजे और खिड़की तथा बदहाल अवस्था एवं कम्पनी बाग में जन सुविधाओं के अभाव तथा गन्छगी को लेकर आक्रोश प्रकट करते नागरिक।

महिला पार्क के हालात बद से बदतर, म्यूजिकल फाउंटेन में भी पालिका ने स्वाह कर दिया लाखों रुपये का बजट

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। शहर में सैर सपाटे और खुली हवा के लिए बना एकमात्र मनोरंजक स्थल कम्पनी बाग इन दिनों गन्दगी से अटा पड़ा है। चेयरमैन की कुर्सी पर काबिज होने के लिए कतार तो लंबी है, लेकिन नगर पालिका के अण्डर में चलने वाला कम्पनी बाग अपनी बदहाली के लिए आंसू बहा रहा है। कहने के लिए तो कम्पनी गार्डन है, लेकिन यहां एक भी फूल नहीं दिखाई पड़ता है। सुबह और शाम घूमने आने वाले सैंकड़ों लोग कम्पनी बाग की दुर्दशा को लेकर व्यथित हैं। उनका कहना है कि कम्पनी बाग की सफाई के लिए 15 के करीब सफाई कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन वो किस अधिकारी के घर काम कर रहे हैं, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। महिला पार्क बनाया तो गया लेकिन वहां पनप रही गन्दगी के चलते एक भी महिला उस पार्क में जाने को तैयार नहीं है। लाखों रुपये की कीमत से लगाया गया म्यूजिकल फाउंटेन बंद है और शौचालय भी गन्दगी से लबालब नजर आते हैं। कुल मिलाकर स्वच्छ हवा और ताजगी के लिए लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहने वाला यह कम्पनी बाग आज साफ सफाई तक के लिए मोहताज है।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम शनिवार सुबह नगरपालिका परिषद् के चुनाव को लेकर लोगों से बातचीत करने कम्पनी बाग पहुंची थी। जैसे ही बुलेटिन टीम ने नये चेयरमैन के चेहरे और उम्मीदों को लेकर लोगों के साथ सवाल शुरू किये तो सैर सपाटा को आये लोगों का आक्रोश कम्पनी बाग की दुर्दशा को लेकर फूट पड़ा। सैंकड़ों महिलाओं, पुरुषों और युवाओं में एक भी शख्स ऐसा नहीं मिला, जो कम्पनी बाग की अव्यवस्थाओं को लेकर खफा न हो। यहां घूमने आये राहुल चौधरी ने कहा कि कम्पनी गार्डन में फव्वारा स्थल के आसपास बेहद गन्दगी है। पहले यहां पर कूड़ा वाहन खड़े किये जाते थे, लेकिन अब उनको तो हटवाया गया है, पर सफाई की नियमित और समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है। कम्पनी गार्डन काफी खूबसूरत है, यदि यहां पर सफाई हो जाये तो यह काफी सुन्दर बन सकता है। चौ. संजीव तोमर ने कहा कि आज चुनावी माहौल में सभी लोग केवल वोटों के चक्कर में लग गये है, जनहित से कोई सरोकार इन लोगों का नहीं रहा है। कम्पनी गार्डन में मच्छरों का प्रकोप है। स्वस्थ रहने के लिए यहां पर सैंकड़ों लोग घूमने आते हैं, गन्दगी का यही आलम रहा तो यहां आने वाले लोग बीमार होने लगेंगे। यहां पर गन्दगी में मरे हुए जानवरों के शव भी होने से हवा दूषित हो रही है। यहां घूमने के लिए आये श्रवण त्यागी का कहना है कि कम्पनी गार्डन ही नहीं पूरे शहर में गन्दगी का साम्राज्य होने लगा है। शहर की सफाई व्यवस्था पर किसी का ध्यान नहीं है। पालिका अफसर तो किसी की भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं से चुनाव को लेकर बातचीत करने पर प्रतिभा अग्रवाल ने कहा कि गंदगी का आलम तो बहुत बुरा है, गार्डन में देखो तो यहां पर गंदगी ही गंदगी है। बीते 5 सालों में कुछ नहीं हुआ। अलका रानी ने कहा कि हम तो यहां पर घूमने आते हैं अगर आप ही देखें कितनी गंदगी यहां पर है, गंदगी से बीमारी फैलती है। अंजू अग्रवाल ने कुछ भी तो नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे शहर को जो अच्छा रखेगा साफ-सफाई रखेगा वही चेयरमैन बनेगा। पुष्पा अग्रवाल ने कहा कि हमारे वार्ड में तो एक माह तक भी नालियों से निकला कूड़ा नहीं उठता है। पैसे देकर हमें कूड़ा उठवाना पड़ रहा है। हमारे मौहल्ले की महिलाओं ने यह तय किया कि हम वोट नहीं करेंगे अगर बात गार्डन के करें तो एक भी फूल गलती से भी देखने को नहीं मिलेगा। अनीता मित्तल ने भी कहा कि बिल्कुल भी सफाई नहीं है। प्रवीण गोयल ने कहा कि अभी तो कोई प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ लेकिन बात करें तो कंपनी बाग की यहां की दुर्दशा बहुत खराब है। यहां पर अपने ग्रुप के साथ जोगिंग कर रहे नागरिक राजकुमार राणा से जब कम्पनी गार्डन की व्यवस्था को लेकर सवाल किया गया तो उनका पारा ही चढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कम्पनी गार्डन नहीं ये गन्दगी का गार्डन है। यहां पर शौचालय की इतनी बुरी हालत है कि कोई उसमें घुस भी नहीं सकता है। पहले शौचालय में तीन यूरिनल लगाये गये थे, लेकिन उनको तोड़कर एक कर दिया गया है, इसके साथ ही सफाई के अभाव में गन्दगी का केन्द्र यह शौचालय बने हुए हैं। बुजुर्ग शहरी वी के गुप्ता से भी बातचीत की गयी तो उन्होंने कहा कि कम्पनी गार्डन में सफाई के अभाव के साथ ही यहां पर पेड़-पौधों की देखरेख भी नहीं हो रही है। सौरभ मित्तल ने कहा कि कम्पनी बाग में कुछ तस्वीरें नगरपालिका परिषद् के भ्रष्टाचार को उजागर कर रही हैं। जनता के पैसे से खरीदे गये नये रेहडे यहां पर खड़े खड़े खराब हो रहे हैं। यहां पर विधायक और सांसद भी घूमने आते हैं, उनके आने पर भीड़ जुटती है, समस्याबताई जाती है, लेकिन समाधान कुछ नहीं होता है। कुल मिलाकर इस दौरान बुलेटिन टीम ने जितने भी लोगों का मन टटोलने का प्रयास किया वो सभी पालिका प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और आला अफसरों के स्तर से मायूस ही नजर आये। इनमें से कुछ लोगों ने उम्मीद जताई कि चुनावी माहौल में शहर के नये चेयरमैन को चुनने की कवायद तेज है, हो सकता है कि इस चुनाव में कोई ऐसा नया चेयरमैन मिल जाये तो इन हालातों को सुधारकर शहर को विकास के साथ ही स्वच्छता के पैमाने पर भी निखारने में सफल हो सके। जागरुक नागरिक सुभाष साहनी ने कहा कि वो दो साल से कम्पनी बाग में रोजाना नियमित रूप से आ रहे हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या सफाई न होना है। दो माह में कभी एक बार ही सफाई होती है।

शौचालयों की स्थिति भी बेहद दयनीय, नियमित साफ सफाई की कमी से मची हुई है सडांध, घुस भी नहीं सकते

यहां पर समस्या ही समस्याः नवनीत

कम्पनी बाग पर खुलकर बोले पालिका के पूर्व सभासद

नगरपालिका परिषद के निवर्तमान सभासद नवनीत कुच्छल ने बातचीत में कहा कि इस बार मैं अपनी व्यक्तिगत समस्या के चलते चुनाव नहीं लड़ रहा हूं, कम्पनी बाग में तो आज समस्या ही समस्या है। यहां पर पालिका की ओर से कहने को 16 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन इसके बावजूद भी कोई सफाई व्यवस्था नजर ही नहीं आती है, यहां पर जनसुविधा को बनाये शौचालयों में घुसने तक की भी स्थिति नहीं है।

पालिका ने कम्पनी गार्डन को कूड़ाघर बनाकर रख दिया

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। नगरपालिका परिषद के स्वामित्व वाले शहर के सबसे आकर्षक पार्क कम्पनी गार्डन की मौजूदा स्थिति से लोगों का मन व्यथित है। आज बुलेटिन की पड़ताल के दौरान जो भी मिला, वो इस पार्क की सुन्दरता और इतिहास को लेकर उत्साह से परिपूर्ण बयानबाजी करता रहा, लेकिन इनमें से ही कुछ लोगों का कहना है कि कम्पनी बाग को नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की अनदेखी और ढुलमुल रवैये ने आज पार्क से कूड़ाघर बनाकर रख दिया गया है। पालिका के अधिकारियों ने यहां पर कूड़ा वाहनों की पार्किंग बना दी थी, लोगों ने विरोध किया तो वाहनों को हटाया गया है। यहां पर -ाडू तक भी सही प्रकार से और नियमित रूप से नहीं लगवाई जा रही है पालिका प्रशासन भी सो रहा है। कहने को तो कम्पनी गार्डन में सफाई और पेड़-पौधों की देखरेख के लिए कर्मचारियों की फौज कागजों पर लगाई गई है, यहां पर हमें कोई भी काम करता नजर नहीं आता है।

आय के स्रोत बागवानी पर भी नहीं पालिका का कोई ध्यान

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। मेरठ रोड पर स्थित कमल नेहरू वाटिका (कम्पनी गार्डन) अपने इतिहास और पेड़ पौधों के की मौजूदगी के कारण लोगों की पहली पसंद है। अंग्रेज काल की कई ऐतिहासिक घटनाओं को अपने में समेटने वाला यह पार्क पालिका की आय का मुख्य स्रोत है। यहां पर की गई बागवानी पालिका को प्रतिवर्ष लाखों रुपये का राजस्व देती है। इस बाक में आम, लीची, जामुन, शहतूत, नाशपाती के साथ ही अन्य फलों के पेड़ भी हैं। इसको लेकर लोगों ने बातचीत के दौरान कहा कि कम्पनी बाग आज बेसहारा है, यहां पर न सफाई हो रही है और न ही पालिका की आय के मुख्य साधन के रूप में देखी जाने वाली यहां की बागवानी का ही कोई ध्यान रखा जा रहा है। कम्पनी बाग में शहतूत की फसल मिट्टी में मिल गई है तो आम के बोर पर भी फसल की सुरक्षा के लिए दवाईयों का छिड़काव नहीं किया गया है। इसके साथ ही कम्पनी गार्डन की सफाई व्यवस्था दयनीय हो रही है।

लाखों खर्च फिर भी नहीं चला फव्वारा

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। कम्पनी बाग में गर्मी के मौसम में लोगों को ठण्डक का अहसास कराने के साथ ही बच्चों के लिए मनोरंजन का साधन साबित होने वाले फव्वारे को म्यूजिकल फाउंटेन में बदलने का प्रयास किया गया था। ठीक-ठाक चलते इस फव्वारे को बंद कर लाखों का बजट पारित कर अंजू अग्रवाल के कार्यकाल में काम शुरू हुआ और इसको रंगीन लाइटों और म्यूजिक के साथ जोड़कर शुरू भी कराया गया, लेकिन करीब एक डेढ़ साल से यह बंद पड़ा बदहाल व्यवस्था का परिचायक बना नजर आ रहा है। इस म्यूजिकल फाउंटेन के पास जोगिंग कर रहे नागरिक विजय बंसल ने कहा कि कम्पनी बाग यह फव्वारा कई बार उन्होंने चलते हुए देखा है। एक बार जब कम्पनी बाग में कराये गये पौधारोपण कार्यक्रम में यहां आये मंत्री कपिल देव अग्रवाल जब यहां पर आये थे तो यह फव्वारा चलाया गया था। उसके बाद से यह नहीं चला और वर्तमान में अब करीब एक साल से बंद पड़ा है।

अंडर-19 के ट्रायल में 52 क्रिकेटर चयनित

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। शनिवार को मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर ने बताया कि चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयनित किए गए शार्ट लिस्टेड खिलाड़ियों में शिव पंवार, रूद्र मलिक, उदित पंवार, जावेद, कार्तिक कुमार, मृदुल सिंघल, शरीक, बादल कुमार, अभिनव मलिक, सागर राठी, तनिष्क बालियान, अंकित पाल, हर्षित राठी, हर्ष पंवार, जोनी, शिवांशु, कुमार रिशव, उज्जवल, सागर शर्मा, रजत कटारिया, रितिक अरोरा, शांतनु शर्मा, मनीष यादव, उत्कर्ष, अर्श अब्बास, अभिषेक राठौर, शुभम पुंडीर, अरुण, मौहम्मद चौधरी शामिल है। वहीं गेंदबाजों की सूची में आदित्य नहरिया, अर्जुन सिंह, प्रणव शर्मा, रक्षित त्यागी, अजय कश्यप, अंकित शेरवाल, आशीष बालियान, निखिल, अनिकेत चौहान, मुजम्मिल, सरताज, कार्तिक सिंह, आदर्श प्रजापति, हर्ष, सोनू पाल, वासु कौशिक, प्रमोद, अभिषेक चौधरी, अब्दुल मजीद, नमन कौशिक, आयुष कुमार, अश्वनी शामिल है। 19, 20 और 21 अप्रैल में इन खिलाड़ियों को पुनः परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

थाना ककरौली का निरीक्षण, दिये निर्देश

भोपा, 15 अप्रैल (बु.)। एसएसपी संजीव सुमन ने शनिवार को थाना ककरौली पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अस्लाह, रजिस्टर, स्वच्छता, मैस, सीसीटीएनएस, बैरक, महिला शौचालय, महिला हैल्पडैस्क, साईबर अपराध, बीटबुक आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रजिस्टर व फाईलों के रख-रखाव को जांचा तथा अस्लाह की साफ सफाई देखी। साथ ही चौकीदारों को टॉर्च वितरित कर सूचनाओं को थाने तक पहुंचाने के निर्देश दिये।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना- 59,900	चांदी-72,000
सिक्का- 800	गिन्नी- 44,000

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-रसकट ढैया-1100-1130, चाकू 1280-1465, लड्डू 1400-1450, खुरपापाड़ 1250-1270, शक्कर मसाला 1465-1475। आमद-5,000 मन।

आपका आज का राशिफल

रविवार, 16 अप्रैल, 2023

मेष- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित रचनात्मक कार्यों की ओर रुझान, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, प्रभावशाली सम्पर्क।
वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, व्यापार में धन निवेश, मित्रों से विचार-विमर्श, शुभ समाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास।
मिथुन- लाभ का सुअवसर, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, जनकल्याण की ओर रुझान।
कर्क- परिस्थितियाँ प्रतिकूल, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, अकल्पित घटनाओं से मन अशांत, दूसरों की सलाह मान्य।
सिंह- अधूरी योजना प्रगति पर, घरेलू वातावरण सुखद, परोपकार की भावना जागृत, सुसंदेश मिलने से खुशी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
कन्या- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिश्रम के अनुरूप सफलता, विवाद का समापन पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, शत्रु विफल।
तुला- इच्छित कार्यों में सफलता, किसी से विचार विनिमय, सुख के साधन उपलब्ध, राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग, धर्म के प्रति रुचि।
वृश्चिक- आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, आकस्मिक व्यय, अशांति का माहौल, परिश्रम के बावजूद प्रगति में संशय, वैचारिक स्थिरता।
धनु- नवयोजना की शुरुआत, कुछेक समस्याओं का समाधान, वरिष्ठजनों की सलाह, धार्मिक गतिविधि, अधिक खर्च।
मकर- समय संतोषजनक, विचारित कार्य प्रगति पर, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।
कुम्भ- स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, शुभ भावनाओं का उदय, आनन्द की अनुभूति, कर्जकी अदायगी, प्रयास सार्थक, विवाद का समापन, पारिवारिक खुशी।
मीन- वांछित प्रगति का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता के कारण कार्यों में व्यतिक्रम, प्रियजनों से निराशा, धनलाभ में कमी, संकल्प-विकल्प की स्थिति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर दू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारत केन्द्रित शिक्षा मानदण्डों पर खरी

देश में प्राचीन और नवीन पद्धति के समन्वय से उच्च शिक्षा की संरचना करने की आवश्यकता

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के मंत्री एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. नरेन्द्र कुमार तनेजा ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थानों के साथ सम्पर्क, संवाद और समन्वय स्थापित कर एक सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य करने की बहुत आवश्यकता है। संस्थानों के बीच परस्पर पूरकता व सहयोग का वातावरण निर्मित कर महाविद्यालयों में प्राचीनता और नवीनता तथा भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय के आधार पर उच्च शिक्षा की संरचना देश में विकसित किये जाने की भी जरूरत है।

प्रो. नरेन्द्र कुमार तनेजा एसबीएम योगा एण्ड हैल्थ साईंसेज कॉलिज में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीयकरण चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद शुप्ता ने कहा कि उच्च शिक्षा से सम्बन्धित नियमों एवं निर्देशों का अद्यतन ज्ञान आवश्यक है तथा सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श की आवश्यकता है, जिसमें कौशल विकास से सम्बन्धित गति विधियों का संचालन भी उच्च शिक्षा संस्थानों में अनिवार्य हो, जिसके द्वारा हम देश ही नहीं वरण विदेशों में भी उत्कृष्ट संस्थानों में अपने संवाद स्थापित कर सकें। विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने कहा कि यह सुखद है कि भारत की 21वीं सदी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारत केन्द्रित शिक्षा मानदण्डों को प्राप्त करने का उद्देश्य एवं संकल्प व्यक्त किया गया है। डीएवी कॉलिज के पूर्व प्राचार्य डा. बालकृष्ण त्यागी ने कहा कि नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना अति आवश्यक है। साथ ही छात्र-छात्राओं को भी प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट के बारे में भी अवगत कराया जाए, जिससे समाज में उच्च शिक्षा के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके।

इससे पूर्व कार्यशाला का उदघाटन माँ सरस्वती के समक्ष पूर्व कुलपति डा. नरेन्द्र कुमार तनेजा, डा. बालकृष्ण त्यागी, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद गुप्ता, विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, भारतीय शिक्षा समिति के प्रान्तीय मंत्री अरुण खण्डेलवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यशाला में पश्चिम उत्तर प्रदेश से अनेकों विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षाविद् सहभागिता कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से डा. शिवराज सिंह, डा. सौम्या गुप्ता, डा. रेनु गुप्ता, डा. सुधीर पुण्डीर, सत्यव्रत रावत, डा. संदीप कुमार, विनीत गोयल, डा. नीरज त्यागी, ठा. देवेन्द्र सिंह सिद्धू, डा. अशु बंसल सहित अनेकों शिक्षा विद उपस्थित रहे।

काजी सरफराज व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल मल्हूपुरा इकाई के अध्यक्ष बने

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की काजी सरफराज को आज नगराध्यश मनोज गुप्ता की संस्तुति पर मल्हूपुरा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा 21 दिन के अंदर उन्हें अपनी कमेटी बनाने का निर्देश दिया। काजी सरफराज ने शलभ गुप्ता का आभार जताया और कहा कि जो जिम्मेदारी आपने मुझे सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाउंगा और व्यापारी भाईयों के हितों के लिए हमेशा संघर्षरत रहूंगा। मुख्य रूप से लवी गोयल, सोनिया सिंघल, अमित शील, परवीन उपाध्याय, जनार्दन विश्वकर्मा, अंकुर गोयल, अमित जैन मौजूद रहे।

गंगा और कृष्णा सदन ने खेल प्रतियोगिताओं में परचम लहराया

मीरापुर, 15 अप्रैल (बु.)। कस्बें की शिक्षण संस्था ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ वर्ग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं कनिष्क वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र रही। सीनियर वर्ग क्विज प्रतियोगिता में गंगा सदन से चाँदनी सैनी, मनस्वी सिंह, अनंत चौधरी, निया चौधरी, गिविंद छाबरा, अंशिका, पारस धीमान एवं तमीम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता की ट्राफी पर कब्जा जमाया। जूनियर वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में गंगा सदन के छात्रों एवं कृष्णा सदन की छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य दीपक धीमान व विद्यालय निदेशक बीपी सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में जीतने से अधिक प्रतिभाग करना अधिक आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाग करना अपने आप में एक जीत होती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मीनाक्षी अरोरा, हैप्पी चौहान, अमित धीमान, नेहा राजवंशी, रंजीता एवं पूजा चौधरी, रंजीता राजपूत, हरीश सैनी का योगदान रहा।

युवा पंजाबी समाज बैसाखी आयोजन में भंगड़े पर जमकर थिरका

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। बैसाखी पर्व के उपलक्ष में युवा पंजाबी संगठन मुजफ्फरनगर ने मूलचंद रिसोर्ट पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें पंजाब से भंगड़ा पार्टी डांस पार्टी, गिद्दा पार्टी के कलाकार आए जिन्होंने वहां उपस्थित सभी पंजाबियों को गिद्दे पर डांस करवाया सभी लोगों ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया और एक दूसरे को वैशाखी की बधाइयां दी विजय वर्मा एवं नवदीप सिंह चड्डा ने बताया कि बैसाखी का पर्व पंजाब में फसल के पकने के रूप में मनाया जाता है और आज के दिन गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी तो पंजाबी लोग इसको नव वर्ष के रूप में भी मनाते हैं, युवा पंजाबी संगठन हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाता रहा है और समय-समय पर समाज को अपनी सेवाएं देता रहा है और देता रहेगा इस कार्यक्रम में जुगल किशोर खत्री, राजेंद्र कुमार, रितेश नागपाल, संजय कपूर, विमल मदान, प्रशांत मक्कड़, सतीश कुकरेजा, ज्ञान जुनेजा, रविंद्र तरीका, नवनीत लाओ, संजय कपूर, रजत अरोरा आदि लोग उपस्थित थे।

पंजाबी समाज के बैसाखी महोत्सव में होगी पुरुस्कारों की बरसात

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। पंजाबी समाज समिति मुजफ्फरनगर द्वारा एसडी डिग्री कॉलेज भोपा रोड पर 16 अप्रैल दिन रविवार को रात्रि 8:00 बजे से वैसाखी उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सागर वत्स ने बताया कि इस वर्ष वैसाखी महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है पंजाब से स्पेशल भांगड़ा ग्रुप को बुलाया गया है जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगा। इसके अलावा कार्यक्रम का विशेष आकर्षण लकी ड्रा द्वारा अनेकों पुरस्कार हैं जिनमें विशेष रूप से डायमंड रिंग चांदी के सिक्के साइकिल एवं अन्य पुरस्कार हैं। पंजाबी समाज के अध्यक्ष सुखदर्शन सिंह बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जो लोग रात्रि 8:30 तक कार्यक्रम स्थल तक पहुंच जाएंगे उन्हें ही पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लक्की कूपन दे कर लक्की ड्रा में शामिल किया जाएगा और ड्रा निकलने पर सम्मानित किया जायेगा।

रंजिशन मारपीट में 7 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

कैराना, 15 अप्रैल (बु.)। रंजिश के चलते घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। गांव मंडावर निवासी राशिद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उनके गांव में बंजर भूमि व रेत का नंबर है। उक्त भूमि पर अवैध कब्जा होने के चलते उसने प्रशासन को शिकायत की थी। 5 अप्रैल को राजस्व अधिकारियों ने उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराने के आदेश जारी कर दिए थे, जिस कारण आरोपी उसके साथ रंजिश रखते थे। गुरूवार सुबह करीब 11 बजे 7 आरोपी हाथों में लाठी डंडे लेकर आये तथा गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। शोर शराबा होने पर ग्रामीणों के आ जाने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गये। कोतवाली प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तनवीर चौहान, मुनीर चौहान, इलियास, मैसर, समयदीन, जिशान व अलीशान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

सत्यपाल मलिक का सत्य

जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का एक इंटरव्यू इन दिनों बहुत चर्चा में है। यह इंटरव्यू भारत सरकार और प्रधानमन्त्री को घेरने वाला है। इसलिए इस पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता बहुत सक्रिय हो गए हैं। भाजपा ने कहा है कि सत्यपाल मलिक झूठ बोल रहे हैं। सत्यपाल मलिक राज्यपाल रहते हुए भी अपने बयानों के जरिए सुर्खियों में रहते थे। जम्मू और कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया है कि 2019 में कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुआ हमला सिस्टम की 'अक्षमता' और 'लापरवाही' का नतीजा था। उन्होंने इसके लिए सीआरपीएफ और केंद्रीय गृह मंत्रालय को खासतौर पर ज़िम्मेदार बताया। उस समय राजनाथ सिंह गृह मंत्री थे। मलिक ने कहा कि सीआरपीएफ ने सरकार से अपने जवानों को ले जाने के लिए विमान उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन गृह मंत्रालय ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। मलिक ने भ्रष्टाचार के प्रति प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की कथित 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि पीएम को करप्शन से बहुत नफरत नहीं है। सत्यपाल मलिक ने दावा किया कि पीएम मोदी ने इस हमले के बाद जिम कार्बेट पार्क से जब उन्हें कॉल किया, तो इन मसलों को उनके समक्ष उठाया। उनके अनुसार, इस पर पीएम मोदी ने उन्हें चुप रहने और किसी से कुछ न बोलने को कहा। मलिक ने बताया कि यही बात एनएसए अजीत डोभाल ने भी उनसे कही। इस इंटरव्यू में मलिक ने बताया कि तभी उन्हें अनुभव हो गया कि सरकार का इरादा इस हमले का ठीकरा पाकिस्तान पर फोड़कर चुनावी लाभ लेना है। मलिक ने इस हमले के लिए खुफिया एजेंसियों की विफलता को भी ज़िम्मेदार करार दिया है। उन्होंने दावा किया है कि पाकिस्तान से 300 किलोग्राम आरडीएक्स लेकर आया कोई ट्रक 10 से 15 दिनों तक जम्मू और कश्मीर में घूमता रहा, लेकिन इंटेलिजेंस को इसकी भनक तक न लगी। सत्यपाल मलिक ने बीजेपी नेता राम माधव पर लगाया पुराना आरोप फिर दोहराया है। उन्होंने कहा कि राम माधव एक दिन सुबह सात बजे आए और कहा कि एक पनबिजली परियोजना और रिलायंस की एक बीमा योजना को मंजूरी देने के बदले उन्हें 300 करोड़ रुपए मिल सकते हैं। उन्होंने पीएम मोदी पर जम्मू और कश्मीर के बारे में 'अनजान' रहने की बात करते हुए कहा है कि उनके पास राज्य के बारे में गलत सूचनाएं हैं। राज्य का खास दर्जा खारिज करने को उन्होंने एक गलती करार दिया है। इसके बाद कांग्रेस सहित सभी विपक्षी नेता उत्साहित हैं। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए ट्वीट में पीएम मोदी पर आरोप लगाया है कि पुलवामा हमला और उसमें 40 जांबाजों की शहादत सरकार की गलती से हुई। इस ट्वीट में कहा गया है, नरेन्द्र मोदी जी, पुलवामा हमला और उसमें 40 जांबाजों की शहादत आपकी सरकार की गलती से हुई। अगर हमारे जवानों को एयरक्राफ्ट मिल जाता, तो आतंकी साज़िश नाकाम हो जाती। आपको तो इस गलती के लिए एक्शन लेना था और आपने न सिर्फ इस बात को दबाया और अपनी छवि बचाने में लग गए। पुलवामा पर सत्यपाल मलिक की बात सुनकर देश स्तब्ध है। इसके बाद ट्वीट पर ट्वीट का सिलसिला शुरू हो गया। बीजेपी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सत्यपाल मलिक पर निशाना साधते हुए कई ट्वीट किए हैं। अपने पहले ट्वीट में उन्होंने इस इंटरव्यू के उस अंश को जारी किया, जिसमें सत्यपाल मलिक कह रहे हैं कि अमित शाह के बारे में उनका पहले का एक दावा गलत है। वे कह रहे हैं कि शाह ने पीएम मोदी के बारे में ऐसी बातें नहीं कही थीं। इस पर मलिक को घेरते हुए मालवीय ने लिखा, जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक स्वीकार कर रहे हैं कि पीएम नरेन्द्र मोदी के बारे में गृहमंत्री अमित शाह की कही बातों को लेकर उन्होंने झूठ बोला और आधारहीन कहानियां गढ़ीं, उन्होंने जब ये आरोप लगाए थे, तब भी किसी ने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया था, लेकिन यह उनकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है और इससे पहले कि कांग्रेस के कृपापात्र, अपने नए शूरवीर सत्यपाल मलिक को लेकर उत्साहित हों, सुन लीजिए कि उनका राहुल गांधी के बारे में क्या कहना है, तो बैठ जाइए। एक यूजर ने लिखा, सत्यपाल मलिक का ये इंटरव्यू तब बुरी तरह से बैकफायर कर गया, जब उन्होंने स्वीकार किया कि प्रधानमन्त्री को लेकर उन्होंने कहानियां बनाई थीं। दरबारी पत्रकारों के बीच ये वीडियो काफी सर्कुलेट हुआ था, क्या अब वे माफी मांगेंगे, जब उन्होंने कहा कि वो ये बयान वापस लेते हैं? एक यूजर लिखते हैं, जो बेवकूफ यशवंत सिन्हा के इर्द-गिर्द जमा थे, वही आज सत्यपाल मलिक के आस-पास इकट्ठा हैं। जुलाई 2019 में भी सत्यपाल मलिक ने विवादित बयान दिया था। उस पर सत्यपाल मलिक ने सफाई भी दी थी। सफाई देते हुए राज्यपाल मलिक ने कहा था कि उन्होंने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार से हताश होकर गुस्से में वो बयान दिया था। मलिक ने कारगिल और लद्दाख पर्यटन उत्सव कार्यक्रम में कहा था कि "यहां के लड़के सुरक्षाकर्मियों को मार रहे हैं, आप इन्हें क्यों मार रहे हैं? आप उन्हें मारिए जो प्रदेश को लूट रहे हैं। जो कश्मीर की संपत्ति लूट रहे हैं, उन्हें मारिए"। उनके इस बायन की काफी आलोचना हुई थी और उमर अब्दुल्लाह ने ट्वीट कर कहा था "ये व्यक्ति संवैधानिक पद पर बैठे हुए चरमपंथियों से कहते हैं कि वे भ्रष्ट माने जाने वाले राजनेताओं की हत्या करें। गैर-कानूनी हत्याएं और कंगारू कोर्ट की वकालत करने से पहले शायद इस व्यक्ति को दिल्ली में इन दिनों अपनी छवि के बारे में पता करना चाहिए"। एक-दूसरे ट्वीट में उमर ने लिखा है, "ये ट्वीट सेव कर लीजिए। आज के बाद अगर मुख्यधारा के किसी राजनेता या नौकरशाह की जम्मू-कश्मीर में हत्या होती है तो ये जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक के दिए बयान के कारण होगी"। सत्यपाल मलिक ने अपने बयान पर अफसोस जताते हुए कहा, "राज्यपाल के रूप में मुझे ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। मलिक ने उमर के ट्वीट पर कहा, "वो एक राजनीतिक नाबालिग हैं, जो हर चीज पर ट्वीट करते हैं, आप उनके ट्वीट पर आने वाली प्रतिक्रियाओं को देखिए और आप समझ जाएंगे"। सत्यपाल मलिक को भी घेरा जा रहा है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"जहालत" "सियासत" "चलन" "दलीलें"

जहालत का जमाने में चलन यूँ भी बढ़ा भाई,
सियासत भी जहालत की नजीरें पेश करती है।
जहालत उस जमाने की सहम जाती थी टोके से,
जहालत इस जमाने की दलीलें पेश करती है।

शोक सन्देश

बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य पिताजी
श्री सत्यप्रकाश गर्ग जी (पुत्र स्व. लाला रतिराम गर्ग, सिखेड़ा वाले)
का स्वर्गवास दिनांक 06 अप्रैल 2023, दिन गुरूवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
तेरहवीं संस्कार दिनांक 17 अप्रैल 2023, दिन सोमवार
को मधुर मिलन बैंक्वट हॉल, कूकड़ा चौक,
निकट कूकड़ा मण्डी, मुजफ्फरनगर में सम्पन्न होगा।

हवन ..... प्रातः 8:00 बजे
ब्रह्मभोज ..... प्रातः 11:00 बजे
शोकसभा ..... दोपहर 2:00 बजे

-: शोकाकुल परिवार :-
विपिन गर्ग (भाई)
मनोज गर्ग–कामना गर्ग, रोबिन गर्ग–दीपा गर्ग, विकास गर्ग–अर्पणा गर्ग
समस्त गर्ग परिवार
-: प्रतिष्ठान :-
सत्यप्रकाश मनोज कुमार (सिखेड़ा), मो. 9759951454
विकास ट्रेडिंग कम्पनी (176 बी), मो. 9319419759
सरस्वती कैमिकल्स (164 बी), मो. 9719350006
निवास स्थान : 01, महालक्ष्मी एनक्लेव, मुजफ्फरनगर

पारा 39 के पास: जल्द ही राहत के आसार

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। अप्रैल के आधे रास्ते पहुंचते ही गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। शनिवार को दिन का तापमान 38.6 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 19.6 पर दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 18 को पश्चिम यूपी में बूंदाबांदी, मेघ गर्जन के हालात हैं। 19 को बारिश का दायरा बढ़ेगा। 20 और 21 को पूरे प्रदेश में छिटपुट बरसात के आसार बने हुए हैं। अप्रैल के कदम बढ़ाते गर्मी के तेवर तीखे हो रहे हैं। यूपी में ज्यादार इलाकों में पारा 40 के करीब या इसे पार कर गया। आज भी दिन में तेज धूप के साथ लू जैसे हालात बने रहे। मौसम विभाग ने प्रदेश के लिए हीट वेव की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान जब 40 डिग्री या उससे ज्यादा हो तथा उसका सामान्य से विचलन 4.5 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो तो ऐसी परिस्थिति को लू कहा जाता है। हालांकि एक राहत की खबर एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आ रही है। इसके चलते 18 अप्रैल से कुछ राहत के आसार बन सकते हैं। दो तीन दिन तक वेस्ट यूपी पर इसका असर रहेगा। इस दौरान बूंदाबांदी के भी आसार हैं।

हर प्रत्याशी की हरकत पर होगी प्रशासन की नजर

-एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने मतदान कार्मिकों को कसा

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह ने निकाय चुनाव को लेकर फ्लाइंग स्क्वायड, स्टैटिक टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो निगरानी, लेखा टीम एवं वीडियो अवलोकन टीम, एमसीएमसी एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण और कॉल सैन्टर के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिये कि सभी टीमें पूरी मुस्तैदी से कार्य करेंगी। अगर अवैध शराब, शस्त्रों का जखीरा व बडा कैश आदि पकड़ से बाहर है तो यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस सम्बन्ध में सम्बंधित टीम की जिम्मेदारी फिक्स कर तत्काल कडी कार्रवाई के की जायेगी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता उल्लंघन की सभी प्रकार की क्रिया-प्रक्रिया को कैमरे में उतारा जायेगा। टीमों का यह दायित्व होगा कि किसी की भी प्रकार की छोटी-बडी रैली, जनसभा छूटने नहीं पाये। प्रत्याशियों के काफिले में यदि बिना स्वीकृत प्राप्त वाहन

मिलते है उनकी चैकिंग कर रिर्पोट करे ताकि उनको सीज किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि उडन दस्ता टीम वीडियोग्राफी करें कि पण्डाल, कुर्सी, वहां पर वाहनों के नम्बर प्लेट सहित भोजन आदि के सम्बन्ध में भी पूरी जानकारी वीडियो में आनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक होर्डिंग्स, रैली व वालपेंटिग आदि के बारे में भी वीडियो में कैद करें। तहसीलों में वीडियो निगरानी की कुल 4 टीम नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जनपद के प्रत्येक नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के निर्वाचन हेतु कुल 11 एसएसटी एवं 11 एफएसटी टीम प्रत्येक नगर निकाय में कुल 11 लेखा टीम जिसमें 5 प्रभारी अधिकारी एवं 12 सहायक प्रभारी अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी संतोष कुमार, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

शास्त्रीय संगीत भजन परंपरा का प्राण है: निकुंज कामरा

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। भजन सम्राट स्व. विनोद अग्रवाल की शिष्या भजन कोकिला निकुंज कामरा ने कहा है कि भक्ति संगीत में शास्त्रीय संगीत की परंपरा को मजबूत किया जाना चाहिए क्यों कि शास्त्रीय संगीत भारतीय भक्ति संगीत का प्राण है। आज प्रसिद्ध समाजसेवी अर्जुन अग्रवाल के आवास पर भजन चर्चा करते हुए निकुंज कामरा ने कहा कि उनके गुरू विनोद अग्रवाल की उन पर असीम कृपा रही है। विनोद अग्रवाल का बचपन से ही उन्हें आशीर्वाद मिला और उन्हीं की प्रेरणा से वे और आरुषी गंभीर भजन गायन के क्षेत्र में आईं। दिल्ली के एक समाचारपत्र संस्थान में कार्यरत निकुंज कामरा और शिक्षा ग्रहण कर रही आरुषी गंभीर का कहना है कि अपने पेशे के साथ वे बचे समय

में अपना समय भगवद्भक्ति को देती हैं। उन्होंने कहा कि आज भजन गायन में फिल्मी तर्ज को जो चलन है, वह युवाओं की मांग पर है। इसके बावजूद भजन का रस उन पारंपरिक रसिकों की वाणी में है, जिन्होंने अनंत काल से ठाकुर जी का गुणगान किया। उनका प्रयास रहेगा कि इन पुरानी चीजों को आगे भी जीवित रखा जा सके। अपने दादा गुरू भजन सम्राट स्वामी शिवमुकुंद हरि को भी वे अपना प्रेरणास्रोत बताती हैं। निकुंज कामरा ने कहा कि आज भक्ति के प्रति लोगों व खासकर युवाओं का अनुराग बढ़ा है, यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि नई पीढी को समाज के आदर्शों की प्रेरणा लेनी चाहिए। आज अर्जुन अग्रवाल के साथ साधुराम गर्ग, सतीश गर्ग, सुशील गोयल व अजय शर्मा आदि ने उनका स्वागत किया।

किसान भवन में मनी अंबेडकर जयंती

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। भारतीय किसान यूनियन मुख्यालय सिसौली में गत रात्रि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के अवसर पर सामाजिक समरसता समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी द्वारा लिखे गए संविधान के द्वारा हमें अनेक अधिकार प्राप्त हुए हैं अगर आज हमारा संविधान सशक्त न होता तो देश की स्थिति भयावह हो सकती थी। जिस तरह भारत को ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के नाम पर 300 साल तक गुलाम रखा और भारत का खुलकर शोषण किया , अगर भारत में सशक्त संविधान न होता तो ऐसी स्थिति वर्तमान समय में दोबारा बन सकती थी। सामाजिक समरसता समारोह में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिए लिखे गए सुंदर गीत की सुंदर प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह आल्हादित दिन हो गया । कार्यक्रम में का संचालन करते हुए भाकियू नेता चौधरी गौरव टिकैत ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर का दर्शन अपने आप में ऐतिहासिक है , जब हम उनके द्वारा लिखित पुस्तक का अध्ययन करते हैं तो उसमें हमें सर छोटू राम के दर्शन जैसा ही महसूस होता है। इस अवसर पर हरिजन समाज के युवाओं द्वारा भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत को बाबा साहब अंबेडकर का चित्र भेंट किया गया।

बहू-बेटे ने की महिला के साथ मारपीट

भोपा, 15 अप्रैल (बु.)। कलयुगी पुत्र व पुत्रवधु पर बुजुर्ग महिला ने अपने साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की माँग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव गंगदासपुर निवासी महिला कमलेश ने तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा व पुत्रवधु आए दिन उसको अकारण बुरा भला कहते रहते हैं। शनिवार की दोपहर बहु व बेटे द्वारा महिला के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता ने पुत्र व पुत्रवधु के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

प्रत्याशियों ने कहीं नामांकन-पत्र खरीदे, तो कहीं जमा किए

बुढ़ाना, 15 अप्रैल (बु.)। शनिवार के दिन भी जहां एक और नामांकन-पत्रों के खरीदने का सिलसिला जारी रहा, वहीं दूसरी ओर काफी प्रत्याशियों ने अपने नामांकन-पत्रों को जमा भी किया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय निकाय चुनाव में नामांकन-पत्रों के जमा करने की गति अब पूरी तरह से बढ़ने लगी है, जिसमें शाहपुर नगर पंचायत से अध्यक्ष पद की महिला प्रत्याशी मुस्कान ने अपना नामांकन-पत्र जमा किया, जबकि सदस्य पद पर तीनों निकायों बुढ़ाना, शाहपुर ओर सिसौली से 30 प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन-पत्रों को जमा किया।

नामांकन-पत्र जमा करने और खरीदने की इस प्रक्रिया में नगर पंचायत शाहपुर से अध्यक्ष पद पर मुस्कान ने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया, जबकि अध्यक्ष पद के लिए चतरसैन ने दो और मुहम्मद शराफत ने एक नामांकन-पत्र खरीदा। सदस्य पद के प्रत्याशी के तौर पर आठ नामांकन-पत्रों की बिक्री हुई। सदस्य पद के प्रत्याशी के तौर पर शाहपुर नगर पंचायत से सत्रह नामांकन-पत्र जमा किए गए। उधर नगर पंचायत बुढ़ाना से गठबंधन की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी उमा त्यागी पत्नि सुबोध त्यागी ने तीन नामांकन-पत्र खरीदे। सदस्य पद के प्रत्याशी के लिए चार नामांकन-पत्र जमा हुए, जिनमें वार्ड नंबर 12 से फिरोज खान उर्फ शान ने नामांकन-पत्र खरीदा। नगर पंचायत सिसौली से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी ममता ने दो, आरती बालियान ने एक, सुभाषिनी ने एक, कृष्णा देवी ने 1, शालू देवी ने भी एक नामांकन-पत्र खरीदा। सदस्य पद के प्रत्याशी के तौर पर नौ नामांकन-पत्रों की बिक्री हुई। नगर पंचायत सिसौली से सदस्य पद के प्रत्याशी के लिए कुल 09 नामांकन-पत्र ही जमा हुए।

सभा, रैली, जुलूस के लिए पूर्व लेनी होगी अनुमति

-सरकारी भवन, सम्पत्ति पर नही लगाया जायेगा झण्डा व बैनर

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में समस्त राजैनतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत कर निर्वाचन प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने में सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों सदस्यों का विश्वास व सहयोग हमारे लिये अमूल्य है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन कराते हुये जनपद में शान्तिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की जांच 18 अपैल को व नाम वापसी 20 अप्रैल 2023 को 3 बजे तक होगी। प्रतीक आवंटन दिनांक 21 अप्रैल 2023 पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य समाप्ति तक और मतदान 4 मई को पूर्वान्ह 7 बजे से अपरान्ह 6 बजे तक तथा मतगणना 13 मई को पूर्वान्ह 8 बजे से कार्य समाप्ति तक सम्पन्न किया जायेगा। डीएम ने

बताया कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू कर दी गयी है। कोई भी राजनैतिक दल, उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि निर्वाचन के दौरान ऐसा कोई कार्य लिखकर बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नहीं करेंगे जिससे किसी धर्म, सम्प्रदाय जाति या सामाजिक वर्ग एवं राजनीतिक दल की भावना आहत हो या तनाव की स्थिति उत्पन्न हो। मत प्राप्त करने के लिये किसी जातीय, सम्प्रदायिक और धार्मिक भावना का परोक्ष, अपरोक्ष रूप से सहारा नहीं लिया जायेगा। पूजा स्थलों यथा मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर व गुरूद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन में प्रचार हेतु तथा निर्वाचन सम्बन्धी अन्य कार्यो हेतु नही किया जायेगा। किसी चुनावी सभा में गड़बड़ी करना या करवाना मतदाताओं को रिश्वत देना, डरा धमकाकर, आतंकित करके अपने पक्ष में मतदान के लिये प्रभावित करना, चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का मादक द्रव्य बाटना आदि कार्य को आचार संहिता उल्लंघन मानते हुये कड़ी कार्यवाही की जायेगी। चुनाव प्रचार के दौरान पुतला लेकर चलने, सार्वजनिक स्थानों पर जलाने जैसा कार्य नहीं किया जायेगा। निर्धारित व्यय सीमा से अधिक व्यय नहीं किया जायेगा। चुनाव प्रचार हेतु सरकारी या निजी भवन का उपयोग, झण्डा, बैनर लगाने जैसे कार्य उस व्यक्ति की अनुमति के बिना नहीं किया जायेगा। चुनाव प्रचार हेतु वाहनो के प्रयोग के लिये अनुमति प्राप्त करनी होगी। चुनाव प्रचार हेतु लाउडस्पीकर, सांउड का प्रयोग पूवार्नुमति लेकर ही करेंगे और इनका प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक प्रतिबन्धित रहेगा। मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पहले कोई भी व्यक्ति जो स्थानीय निकाय का निवासी नही है, सम्बन्धित स्थानीय निकाय को छोड़ देगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह ने यह भी बताया कि निर्वाचन के दौरान कोई भी व्यक्ति दो लाख से अधिक रुपये बिना साक्ष्य लेकर नही चलेगा। इस अवसर पर सभी राजनैतिक दलो के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

आवश्यकता है



एक मिड-वाईफ की।
कार्य का समय प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक दिन में।
सैलरी रु. 10000/- प्रतिमाह
इच्छुक प्रार्थी सम्पर्क करें
-: मोबाइल :-
9837383644

दुकानें बिकाऊ हैं

मुजफ्फरनगर मेन मार्किट भगत सिंह रोड, पीर के पीछे अलग-अलग साइज में दुकानें बिकाऊ हैं।
-: सम्पर्क करें :-
अशोक कुमार
9760002439

MG WORLD VISION SCHOOL
Situation Vacant
MG World Vision School, Vasundhara Residency, Mzn. invites CVs for the opening of faculty positions in the given subjects and disciplines - **PGT (Economics, Fashion Studies and Geography), TGT (English and Social Science)**. (Fluency in English mandatory). Kindly apply on the given e-mail ID within the next 5 days of the advertisement. Application can also be submitted in person in the school premises between **09:30 am to 01:30 pm** at the school reception.
E-mail at mgworldvisionschool@gmail.com
Note
Only shortlisted candidates will be called for interviews. Salary and working conditions at par with the best in the nation

REQUIRED A CHARTERED ACCOUNTANT AND AN ACCOUNTANT (TWO POSTS) FOR A WELL ESTABLISHED PAPER MILL IN MUZAFFARNAGAR.
Experience Minimum 5 years Specially in GST
(Preference will be given to candidates having experience in Paper Mill)
Salary No bar for Capable Candidate.
Send your CV @ nishantsinghal10@gmail.com
Contact : 7668695009

कंपनी की धींगामस्ती से नगर की 5 हजार लाइटें पड़ी खराब

-4पालिका प्रशासन कम्पनी को ब्लैकलिस्टड करने की तैयारी में

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। नगरीय क्षेत्र में जिम्मेदारों की अनदेखी और कंपनी ठेकेदार की लापरवाही से नगर पालिका क्षेत्र की करीब पांच हजार लाइटें खराब पड़ी हैं, जिसके कारण अनेक क्षेत्रों में अंधेरा छाया हुआ है। ऐसे हालातों में लगातार आ रही शिकायतों के बीच पालिका जंग का मैदान बना है, जिसके चलते पूर्व में जेई से अभद्रता किए जाने का मामला शहर कोतवाली तक पहुंच चुका है। उधर, नगर पालिका में इन लाइटों को सहीं कराने के लिए गौतमबुद्धनगर की मै. हैलोनिक्स टैक्नालोजी प्राइवेट लि. कम्पनी के साथ नगरपालिका प्रशासन का अनुबंध हुआ था, जिसमें अब उक्त कम्पनी खराब हुई लाइटों को सहीं ही नहीं कर रही है। इस मामले में पूर्व में नगर पालिका द्वारा कम्पनी को नोटिस भी भेजा गया, लेकिन उसके बाद भी कम्पनी द्वारा नगरपालिका के नोटिस को रिसीव ही नहीं किया। ऐसे में अब पालिका प्रशासन इस कम्पनी को ब्लैकलिस्टड करने की तैयारी कर रही है। नगरीय क्षेत्र की पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नगर पालिका द्वारा गौतमबुद्धनगर की हैलोनिक्स टैक्नालोजी प्रा. लि. कम्पनी से 45 वॉट, 72 वॉट और 90 वॉट की एलईडी लाइटें खरीदी गई थी। पालिका प्रशासन की ओर से सात वर्ष तक खराब लाइटों को सहीं करने के लिए नगरपालिका का इस कम्पनी के साथ में अनुबंध हुआ था। शहरी क्षेत्र में वर्तमान में करीब 5 हजार लाइटें खराब पड़ी है। इन लाइटों को सहीं कराने के लिए संबंधित मौहल्लों के लोग पालिका के चक्कर लगा रहे है, लेकिन उनकी उक्त समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे ही एक विवाद के चलते पालिका में एक जेई के साथ मारपीट की घटना होने के साथ मामला शहर कोतवाली पहुंचा था। उधर, नगर पालिका के द्वारा इस कम्पनी को पूर्व में कई बार लाइटों को सहीं कराने व खराब लाइटों में लगने वाले सामान के संबंध में पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन उक्त मामले में कम्पनी द्वारा इन खराब लाइटों को सहीं नहीं किया गया। अब नगर पालिका ने तमाम फजीहतों के बाद अब कम्पनी को फिर अंतिम चेतावनी नोटिस भेजा है, जिसे कम्पनी द्वारा रिसीव नहीं किया गया है। ईओ हेमराज सिंह का कहना है कि पालिका कम्पनी को ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी की जा रही है। वहीं कम्पनी की जमानत राशि को भी जब्त कर लिया जाएगा।

ओड़िसी नृत्यांगना स्पिक मैके के बूते सिखाएंगी कला के गुर

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। वास्तव में देश के युवाओं तक भारतीय सांस्कृतिक विरासत को पहुंचाने वाली गैर व्यवसायिक संस्था स्पिक मैके इस बार जनपद के ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में वर्कशॉप के तहत ओड़िसी नृत्य की एक साथ 10 कार्यशाला आयोजित कराने जा रही है। इस प्रस्तुति श्रृंखला में नृत्यांगना लिप्सा सत्पथी बच्चों को ओडिसी के गुर सिखाने के साथ ही नृत्य की प्रस्तुतियां भी देंगी। नवम्बर 2022 में डीआईओएस गजेन्द्र कुमार के सहयोग से स्पिक मैके ने जिले के सरकारी व मान्यता प्राप्त स्कूलों में भरतनाट्यम की कार्यशालाओं का सफल आयोजन कराया था जिसे विद्यार्थियों की ओर से बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इस क्रम में सत्र 2023-24 का शुभारम्भ विख्यात ओडिसी नृत्यांगना लिप्सा सत्पथी द्वारा 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में इन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। श्रृंखला में ओड़िसी कलाकार हर स्कूल में 45 मिनट बच्चों को ओड़िसी नृत्य की बुनियादी क्रियाएं सिखाएंगी तथा शेष 45 मिनट में स्वयं प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम की योजना में नरा जड़ौदा के होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज में 17 अप्रैल को प्रातः 8:30 बजे शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक करेंगे। इसके अलावा महर्षि दयानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज खानूपुर मंसूरपुर, पिकेट इ. कॉलेज व श्री केके जैन इं. का. खतौली में 18 अप्रैल, डीएवी इंटर कॉलेज व सरस्वती इ. का. जानसठ में 19 अप्रैल, आर्य कन्या इ. कॉलेज व डीएवी इ. कॉलेज बुढ़ाना में 20 तथा जय हिन्द इ. कॉलेज व आर्य कन्या इ. का. चरथावल में 21 अप्रैल को श्रृंखला का समापन होगा। डॉ. मृदुला मित्तल स्पिक मैके के कार्यकर्ताओं के साथ श्रृंखला का संयोजन करेंगी।

सूर्योदय और सूर्यास्त के समय चार काम बिल्कुल भी नहीं करने चाहिये : वेद प्रकाश शुक्ल

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बुस.)। संकीर्तन भवन नई मण्डी में चल रहे श्रीमद भागवद ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन की कथा में विस्तार करते हुए व्यास पीठ से आचार्य जी ने हिरणायक्ष व हिरणाकश्यप के प्रसंग में वाराह अवतार की कथा कर्दम ऋषि के प्रसंग के साथ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का वर्णन करते हुए मुख्य रूप से बताया कि किसी को भी सूर्योदय व सूर्यास्त के समय चार कार्य बिल्कुल नहीं करने चाहिये। ये कार्य हैं आहार नहीं करना चाहिये, मैथुन सर्वथा त्याज्य है, निद्रा सोना नहीं चाहिये और स्वाध्याय नहीं करना चाहिये। कथा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया।

दबंग युवकों ने की दिव्यांग नाई के साथ मारपीट

भोपा, 15 अप्रैल (बु.)। बेहड़ा सादात में बस स्टैण्ड पर उस समय हड़कम्प मच गया, जब बाल कटिंग कराने को लेकर दबंगों ने दिव्यांग दुकानदार के साथ मारपीट की। पुलिस ने मौके से फरार हो रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया तथा दो दबंग भागने में सफल हो गये। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव बेहड़ा सादात में मुख्य चौराहे पर स्थित तनवीर हेयर सैलून की दुकान के सामने वरना कार आकर रुकी। 4 युवक कार से उतरकर हेयर सैलून पर पहुँचे। दो युवकों ने फैशनेबल कटिंग करने को कहा, जिस पर हेयर ड्रेसर ने रोजे से होने व तबियत खराब की बात बताते हुए कटिंग करने से इंकार कर दिया, जिस पर दो युवक आग बबूला हो गए व दिव्यांग हेयर ड्रेसर नईम के साथ लात, घूसों से मारपीट शुरू कर दी। नाई के द्वारा विरोध किया गया, तो अन्य दो युवकों ने कार से डंडे निकालकर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया तथा तमंचा दिखाकर दब

रमज़ान–2023

चौबीसवा रोजा-16-04-2023
सुन्नी इफ़तार 6:47 | शिया 6:59
पच्चीसवां रोजा-17-04-2023
सुन्नी सहरी 4:24 | शिया 4:22

अब दो दिन बाकी, नामांकन प्रक्रिया में गति आने की संभावना

▶ शनिवार को भी नगरपालिका में अध्यक्ष पद पर नहीं नामांकन ▶ जनपद में अध्यक्ष पर 10 एवं सदस्य पद पर हुए 130 नामांकन

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। नगर निकाय चुनाव की बजी रणभेरी के बीच जनपद में 5वें दिन शनिवार को चरथावल नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। वहीं पुरकाजी नगर पंचायत और मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन नहीं हुआ। उधर, नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चरथावल में 4, पुरकाजी में तीन और मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद में शनिवार को कुल 13 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। निर्वाचन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में शनिवार को जिलेभर में अध्यक्ष पद के लिए 92 और सदस्य पद के लिए कुल 290 दावेदारों ने नामांकन पत्रों की खरीद की है।

यूपी में नगर निकाय चुनाव की शुरू नामांकन प्रक्रिया के बीच मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व सदस्य पद पर नामांकन की व्यवस्था कलक्ट्रेट में की है। वहीं तहसील सदर में पुरकाजी-चरथावल नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य पद पर नामांकन की व्यवस्था है। शनिवार को 5वें दिन मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। हालांकि मुजफ्फरनगर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को 13 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कलेक्ट्रेट स्थित नगर मजिस्ट्रेट कक्ष में अब तक 30 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है, लेकिन इनमें से किसी प्रत्याशी द्वारा अभी तक कोई नामांकन नहीं किया गया। वहीं पुरकाजी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। शनिवार को वैसे पुरकाजी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। उधर, चरथावल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी सुधीर कुमार व मीनाक्षी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इस बीच चरथावल में अध्यक्ष पद के लिए चार नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। इसके अलावा मुजफ्फरनगर जनपद की खतौली नगर पालिका व मीरापुर, जानसठ, भोकरहेड़ी, बुढ़ाना, शाहपुर, सिसौली नगर पंचायतों में चुनावी समर में इस बार किस्मत आजमाने वाले लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है, जिन्होंने शनिवार को नामांकन पत्र खरीदने के साथ तमाम जरुरी कागजातों का संकलन करना शुरू कर दिया है। जनपद में अब मात्र दो दिन नामांकन करने के शेष हैं, ऐसे में रविवार और सोमवार को तमाम नामांकन कक्षों ने इन दावेदारों की भीड़ उमड़ने की अब संभावना बढ़ गई है, जिसे लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने अपनी तैयारियों के लिए फिर से मंथन शुरू कर दिया है।

भाजपा के कई और नेताओं ने खरीद लिए नामांकन पत्र

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। टिकट का ऐलान होने से पूर्व ही भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला और गौरव स्वरूप ने अपनी धर्मपत्नी के लिये व भाजपा की महिला नेत्री रेणु गर्ग ने भी नामांकन खरीदा। इसके अलावा श्रीभगवान शर्मा व बीजेपी नेता संजय गर्ग व सुनील सिंघल मावे वालों ने भी अपनी धर्मपत्नी के लिये भी नामांकन पत्र पत्र खरीदे हैं।

शनिवार को अंजू अग्रवाल सहित 98 ने लिया नो ड्यूज

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद में अपनी आमद कराने की खातिर चुनावी समर में उतरने की चाह रखने वाले रणबांकुरों में नामांकन प्रक्रिया में कागजातों को पूरा कराने को लेकर भागदौड़ अपने चरम पर है। यूपी में कोर्ट के दखल बाद हो रहे नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटे दिग्गजों के लिए नो ड्यूज को लेकर नगर पालिका में मारामारी है। ऐसे में हर कोई पहले इसे पाने की जुगत में कतारों में लगा है। नगर पालिका में राजनीतिक दलों के साथ निर्दलीय चुनाव में किस्मत आजमाने को जुटे इन तमाम दिग्गजों में शनिवार को भी पालिका में लंबी कतार लगी रही। शनिवार को इस कड़ी में नो ड्यूज पाने की खातिर अन्य लोगों के साथ निवर्तमान चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने भी पहली जीत हासिल कर ली है। इसके अलावा शनिवार को नगर पालिका परिषद में 98 लोगों का नो ड्यूज नगर पालिका प्रशासन की ओर से जारी किया गया। इससे पूर्व नगर पालिका में नो ड्यूज पाने के लिए हाऊस टैक्स व वॉटर टैक्स पाने की एवज में लगातार धन वर्षा हो रही है, जिसमें पालिका के कर्मचारी-अधिकारी दिन-रात नो ड्यूज बनाने के साथ रिपोर्ट लगाने के कार्य में लगे हैं। पालिका ईओ का कहना है कि शासन के निर्देशों के बीच रविवार को भी पालिका में नो ड्यूज के लिए कार्यालय को पूर्व की भांति खोला जाएगा।

खाई में गिरी बस, 13 लोगों की दर्दनाक मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के रायगढ़ में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां के खपोली इलाके में एक बस सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 29 से अधिक घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, निजी बस पुणे से मुंबई जा रही थी। मुंबई-पुणे हाईवे पर ही शिंगरोबा मंदिर के पास ही यह नियंत्रण खोकर सड़क से उतरकर 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बस में 42 के करीब यात्री सवार थे। राहत-बचाव कर्मियों ने सभी घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया। बस में मुंबई के गोरेगांव के बाजी प्रभु वादक ग्रुप (पारंपरिक संगीत मंडली) के सदस्य सवार थे। वे पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड इलाके में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद गोरेगांव लौट रहे थे। बस शुक्रवार को देर रात करीब एक बजे कार्यक्रम स्थल से रवाना हुई थी। हादसा खंडाला घाट के पास सुबह करीब चार बजकर पचास मिनट पर हुआ।

सपा ने मेयर पद के लिए कुल छह उम्मीदवार घोषित किए

लखनऊ। सपा ने शनिवार को मेयर पद के लिए छह उम्मीदवारों की घोषणा और कर दी है। इसके साथ ही सपा अब तक मेयर के कुल 15 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शनिवार को बरेली, मथुरा, वाराणसी, आगरा, अलीगढ़ और गाजियाबाद के उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। सपा ने बरेली से संजीव सक्सेना, मथुरा से पं. तुलसी राम शर्मा, वाराणसी से ओ पी सिंह, आगरा से ललिता यादव, अलीगढ़ से जमीर उल्ला खां और गाजियाबाद से नीलम गर्ग को उम्मीदवार बनाया है।

यूपी में कोरोना के 758 नए केस

लखनऊ, 15 अप्रैल(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में कोरोना से शुक्रवार को फरुर्खाबाद में एक मरीज की मौत हो गई वहीं 758 नए मरीज मिले हैं। अब प्रदेश में कुल कोविड पॉजिटिव मरीजों की संख्या 2579 हो गई है। शुक्रवार को मिले नए मरीजों में लखनऊ में 202 , गौतमबुद्धनगर में 130, गाजियाबाद में 72, मेरठ में 58, वाराणसी में 11 और फरुर्खाबाद में 5 मरीज मिले हैं। अन्य जिलों में 10 से कम मरीज मिले हैं। राजधानी लखनऊ में कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच शुक्रवार को 200 नए संक्रमित मिले। इस साल एक दिन में मरीज मिलने का यह नया रिकॉर्ड है। इनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत की बात यह है कि इनमें से किसी की स्थिति गंभीर नहीं हैं। उधर, 43 मरीजों ने वायरस को मात दी। इससे सक्रिय केसों का आंकड़ा 571 पहुंच गया है। लखनऊ में इससे पहले बीते साल अप्रैल में एक दिन में दो सौ मरीज मिले थे।

जापानी प्रधानमंत्री की सभा में बम धमाका

नई दिल्ली, 15 अप्रैल(एजेंसी)। जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा के सभास्थल पर शनिवार को बम फेंक दिया गया। हालांकि, जब तक यह बम फटता, सुरक्षाकर्मियों ने पीएम किशिदा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया गया है कि इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। जापान में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या को सालभर भी नहीं हुए कि अब मौजूदा पीएम फूमियो किशिदा पर जानलेवा हमले की कोशिश की गई। शनिवार सुबह प्रधानमंत्री किशिदा पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रान्त में सैकाजाकी बंदरगाह के दौरे पर थे। घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें पीएम किशिदा का भाषण सुनने आए लोगों को इस घटना के बाद इधर–उधर भागते देखा जा सकता है। इस दौरान पुलिसवालों को भी एक व्यक्ति को जमीन पर गिराकर उस पर काबू पाते देखा गया। बताया गया है कि घटना में पीएम को कोई चोट नहीं आई है। वे यहां अपनी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में भाषण देने आए थे।

कोर्ट ने दोषी ठहराया तो उसके खिलाफ भी जाएंगे क्या?' रिजिजू ने केजरीवाल पर किया पलटवार

नई दिल्ली, 15 अप्रैल(एजेंसी)। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ईडी और सीबीआई के खिलाफ केस दर्ज करने के बयान पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पलटवार किया है। उन्होंने दिल्ली सीएम से पूछा है कि क्या कोर्ट ने उन्हें आरोपी ठहराया तो वे कोर्ट के खिलाफ भी केस दर्ज करेंगे? रिजिजू ने आगे कहा कि कानून को अपना काम करने देना चाहिए। ट्वीट करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप यह बोलना भूल गए कि यदि कोर्ट ने आपको दोषी ठहराया तो आप कोर्ट के खिलाफ भी कोर्ट जाएंगे।

राहुल ने खाली किया सरकारी बंगला, ट्रक में सामान भरकर सोनिया के आवास पहुंचे

नई दिल्ली, 15 अप्रैल(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 12, तुगलक लेन आवास से अपना सामान हटा लिया है। लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्हें 22 अप्रैल तक परिसर खाली करने को कहा गया था। उनके आवास के बाहर दो ट्रक खड़े देखे गए और बाद में सामान को उनकी मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास में स्थानांतरित कर दिया गया। बता दें कि, 10 जनपथ सोनिया गांधी का सरकारी आवास है, जहां वो पिछले 32 साल से रह रही हैं।

असद-गुलाम एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रियल जांच, जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश

झांसी, 15 अप्रैल(एजेंसी)। झांसी के थाना बड़ागांव इलाके में बृहस्पतिवार को एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम मारा गया था। जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। जांच अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट अंकुर श्रीवास्तव को बनाया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कोई घटना के संबंध में किसी तरह की जानकारी या साक्ष्य देना चाहता है तो तीन दिन के भीतर उपलब्ध करा सकता है।

भाजपा की सूची को दिल्ली की ओके का इंतजार

नई दिल्ली, 15 अप्रैल(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय निकाय प्रत्याशियों के लिए ताजा खबर यह है कि अभी भाजपा की सूची में कुछ समय और लगेगा। शनिवार देर रात या रविवार सुबह मेयर और अध्यक्ष प्रत्याशियों की सूची जारी होगी, सभासदों की सूची रविवार दोपहर तक जारी होगी।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और संगठन महामंत्री धर्मपाल सैनी की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर शुक्रवार रात्रि में लंबी बैठक हुई जिसमें प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य समेत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना भी उपस्थित थे। इस बैठक में सभी प्रत्याशियों के बारे में चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के पहले चरण के सभी मेयर प्रत्याशियों में दो-तीन मेयर प्रत्याशी ऐसे थे, जिन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहज नहीं थे ,उन्होंने उन पर अपनी आपत्ति जाहिर की, जिसके बाद पार्टी में मेयर के कुछ नामों पर पुन: विचार हुआ और कुछ सीटों के लिए सर्वसम्मति बनाने का प्रयास किया जाता रहा। आज दोपहर लगभग 12 बजे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सैनी दिल्ली आ गए और वे पार्टी आलाकमान से सूची पर अंतिम मुहर लगवाना चाहते हैं, लेकिन पार्टी के सभी बड़े नेता देर शाम से कर्नाटक चुनाव की सूची फाइनल करने में लगे हुए हैं। जिसके चलते उत्तर प्रदेश के नेताओं की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बैठक नहीं हो पाई है। सूची पर आलाकमान की मुहर न लगने के कारण यह सूची जारी नहीं हो पाई है। आलाकमान मुहर लगने के बाद शनिवार देर रात या रविवार सुबह मेयर और अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

स्टेशन अधीक्षक की जाल से गिरकर मौत

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक की अपने निमार्णाधीन मकान में जाल से गिरकर मौत हो गई। उन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मूल रूप से मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सोंहजनी तगान निवासी 57 वर्षीय विपिन कुमार त्यागी पुत्र रामेश्वर प्रसाद त्यागी लम्बे समय से मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर अधीक्षक के पद पर तैनात थे। बताया गया है कि वे नई मंडी थाना क्षेत्र के मौहल्ला सुभाषनगर में अपना मकान बनवा रहे थे, जहां वह निर्माण कार्य देखते हुए फोन पर किसी से बात कर रहे थे। बात करते हुए वे जाल से नीचे जा गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

मैं चोर हूं, भ्रष्टाचारी हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं: केजरीवाल

नई दिल्ली, 15 अप्रैल(एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने शराब घोटाला मामले में समन मिलने के बाद सीएम ने कहा कि केजरीवाल चोर है, भ्रष्टाचारी है, तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई का समन आने के बाद दिल्ली सरकार ने एक दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। शनिवार को अरविंद केजरीवाल ने ईडी और सीबीआई पर कई आरोप लगाए। केजरीवाल ने ये भी कहा कि जिन 14 फोन के तोड़े जाने का दावा ईडी-सीबीआई कर रही है वह सभी जिंदा हैं। केजरीवाल ने ईडी की जांच की रिपोर्ट दिखाते हुए कहा कि इनके डॉक्यूमेंट में है कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन तोड़ दिए और उन्हीं की सीजर रिपोर्ट कहती है कि उसमें से चार फोन ईडी के पास हैं। वहीं एक फोन सीबीआई के पास है, इस तरह से पांच फोन तो जांच एजेंसियों के पास ही हैं। अन्य भी जिंदा ही हैं, जिन्हें टूटा हुआ बताया गया है। केजरीवाल ने कहा, कोई न कोई इस्तेमाल कर रहा है। कोई न कोई वॉलेंटियर यूज कर रहा है। इसकी जानकारी ईडी और सीबीआई को भी पता है। ईडी और सीबीआई ने कोर्ट में शपथ पत्र देकर झूठ बोला। सच कुछ नहीं मिला। शराब घोटाला कुछ नहीं है। झूठ बोलकर मनीष सिसोदिया को फंसाने की कोशिश की। केजरीवाल ने कहा कि हम कोर्ट में झूठी गवाही देने और झूठे सबूत पेश करने के लिए सीबीआई और ईडी अधिकारियों के खिलाफ उचित मामले दर्ज कराएंगे। मुख्यमंत्री ने आगे आरोप लगाया, रोज किसी न किसी को पकड़ लेते हैं, उन्हें टॉर्चर करते, धमकी देकर, थर्ड डिग्री देकर मनीष सिसोदिया, केजरीवाल का नाम लेने को कहते हैं। केजरीवाल ने आगे कहा, सालभर जांच करने के बाद आरोप लगाते हैं कि 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली गई दी गई। अब 100 करोड़ रुपये कहां हैं, 400 से ज्यादा रेड हो गई। कोई पैसा, कोई जूलरी नहीं मिली। घर के गद्दे फाड़ दिए। फिर कहा कि गोवा चुनाव में पैसा यूज हुआ। वहां के वेंडर से पूछा। सारी पेमेंट चेक से हुई। अगर रिश्वत ली तो, पैसा कहां गया? दिल्ली सीएम आगे बोले, 17 सितंबर शाम 7 बजे मैंने नरेंद्र मोदी को 1000 करोड़ रुपये दिए, ऐसे ही कोई गिरफ्तार कर लेगा.. कोई सबूत तो देगा। शराब पॉलिसी से भ्रष्टाचार खत्म हो जाता।

अपने मंत्रियों की फौज लेकर आज सीबीआई दफ्तर जाएंगे केजरीवाल

नई दिल्ली । अरविंद केजरीवाल के साथ रविवार को आप के सारे मंत्री, सांसद और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी सीबीआई मुख्यालय जाएंगे। वहीं बीजेपी नेता सुबह 11 बजे राजघाट पर धरना देंगे। बता दें कि शुक्रवार को सीबीआई ने कथित शराब घोटाले में पूछताछ के लिए दिल्ली सीएम को समन भेजकर रविवार को 11 बजे बुलाया है। हालांकि जब से सीबीआई का नोटिस केजरीवाल को भेजा गया है तब से दिल्ली में सियासी घमासान छिड़ा हुआ है। आम आदमी पार्टी इसे केंद्रीय एजेंसी सीबीआई का दुरुपयोग बताते हुए आवाज को दबाने का आरोप लगा रही है। साथ ही कहा कि केजरीवाल भ्रष्टचारी हैं तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। वहीं भाजपा और कांग्रेस का कहना है कि जब भ्रष्टाचार किया है तो सजा होगी ही।

पति से विवाद के बाद पत्नी ने कर दी मासूम की हत्या

▶ एक साल के बच्चे की गला दबाकर हत्या, पुलिस ने कलियुगी मां को लिया हिरासत में
▶ झिंझाना के गागौर गांव की घटना, पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम को भेजा

शामली, 15 अप्रैल (बु.)। झिंझाना क्षेत्र के गांव गागौर में एक कलियुगी मां ने पति के साथ हुई कहासुनी के बाद ही अपने ही एक वर्षीय मासूम बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी। परिजनों की सूचना पर झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा आरोपी मां को हिरासत में ले लिया। वहीं सूचना पर एसएसपी अभिषेक, एएसपी ओपी सिंह भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चे की हत्या से अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हर कोई हत्यारी मां को धिक्कार रहा है।

जानकारी के अनुसार झिंझाना क्षेत्र के गांव गागौर निवासी पंकज पुत्र वीरेन्द्र की दो साल पूर्व बघरा के गांव मीननगर निवासी गायत्री पुत्री रामकिशन के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद उनके यहां एक पुत्र ने जन्म लिया। गत् शाम पंकज सब्जी लेकर घर वापस लौटा था। पंकज ने पत्नी को खाना बनाने के लिए कहा, तो इस बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया। कुछ देर बाद पंकज घर से बाहर निकल गया। इसी दौरान उत्तेजित गायत्री ने अपने ही एक साल के मासूम बच्चे अर्श की गला दबाकर हत्या कर दी। रात के समय जब पंकज घर लौटा, तो बच्चे को न देखकर उसने गायत्री से पूछताछ की, तो उसने बच्चे की हत्या करने की बात कही, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पंकज ने मामले की सूचना तुरंत झिंझाना पुलिस व चौकी प्रभारी सचिन त्यागी को दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा गायत्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने बच्चे की हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, वहीं सूचना मिलते ही एसएसपी अभिषेक, एएसपी ओपी सिंह व झिंझाना थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। दूसरी ओर बच्चे की हत्या से अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। एक साल के मासूम बच्चे की हत्या से हर कोई स्तब्ध है और हत्यारी मां को धिक्कार रहा है। बाद में पति पंकज की तहरीर पर आरोपित मां गायत्री के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पूर्व में हो चुकी है गायत्री की शादी

शामली, 15 अप्रैल (बु.)। गागौर में मासूम बच्चे की हत्या करने वाली गायत्री की पूर्व में शादी हो चुकी है, जिसे दो बच्चे भी हैं, ससुरालियों से हुई अनबन के बाद गायत्री अपने दोनों ही बच्चों को ससुराल में छोडकर अपने मायके चली आयी थी, बाद में उसने गागौर निवासी पंकज से दूसरी शादी कर ली थी, जिससे उसे एक पुत्र भी पैदा हुआ था, लेकिन मामूली से विवाद के बाद गायत्री ने अपने ही मासूम बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी।

शराब पार्टी के बाद 16 लोगों की मौत, 12 गंभीर

मोतिहारी। शराब पार्टी के बाद शनिवार दोपहर तक 16 लोगों की मौतें हो गईं। मरने वालों की उम्र 19 से 48 साल के बीच की है। इनमें सबसे अधिक तुरकौलिया से 11, हरसिद्धी से 3 और पहाड़पुर से 2 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों के परिजनों का कहना है कि गुरुवार शाम गेहूं की फसल काटने के बाद खेत में शराब पार्टी हुई थी। रात में घर आकर सो गए। सुबह कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। अस्पताल में पहले पिता-पुत्र ने दम तोड़ा। इसके बाद प्रशासन ने गांव में मेडिकल टीम भेजी। जहरीली शराब से मौत की बात से इनकार कर दिया। शनिवार सुबह तक प्रशासन डायरिया और फूड प्वाइजनिंग पर डटा रहा। इधर, लोग मर रहे हैं और पोस्टमार्टम बगैर परिवार वालों ने 7 लाशों को जला दिया गया। 12 लोग गंभीर है, उनके बारे में कोई जानकारी खुलकर नहीं आ रही है। इनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इन लोगों द्वारा भी शराब पीने की बात सामने आ रही है। इधर, मामला गंभीर होते देख पुलिस मुख्यालय के मोतिहारी एसपी को जांच का निर्देश दिया है। पटना से मद्य निषेध विभाग की एक स्पेशल टीम मोतीहारी पहुंच गई है। इधर, इस मामले में **DIG** ने 7 लोगों की गिरफ्तारी की बात कही है। मुख्यमंत्री मोतिहारी के सवाल पर कहा कि लोगों को तो गलत काम नहीं करना चाहिए। सबको कितनी बार समझाया गया है कि गलत काम मत करो।

किशोर से कुकर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। अदालत ने 8 वर्षीय दलित बालक से कुकर्म करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्र कैद व 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। 7 वर्ष पूर्व हुई इस घटना के मामले की सुनवाई पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने की। विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार शर्मा और मनमोहन वर्मा ने बताया कि थाना छपार क्षेत्र के एक गांव में 8 वर्षीय बालक अपने भाई के साथ जंगल में शौच करने गया था। उसके साथ एक युवक ने कुकर्म किया था। उन्होंने बताया कि पीड़ित के पिता की ओर से थाना छपार में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया गया था कि उनका 8 वर्षीय पुत्र उसके भाई के साथ 2 जुलाई 2016 को सुबह के समय जंगल में शौच करने गया था। इसी बीच खालिद पुत्र रसीद निवासी गांव कासमपुर थाना छपार ने उसे रोका और जबरन जंगल में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। बच्चे ने विरोध करते हुए आरोपी के सिर में ईंट मारी, तो उसने उसकी मां के साथ भी रेप करने की धमकी दी। पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि घटना के मुकदमे की सुनवाई विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट के जज बाबूराम ने की। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी खालिद को कुकर्म का दोषी ठहराते हुए उसे उम्र कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 30 हजार का जुर्माना भी लगाया।

किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर, उसकी मेडिकल जांच करवायी। चरथावल क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी महिला किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई। इसके बाद किशोरी अपने घर वापस नहीं लौटी, वहीं किशोरी के घर वालों ने काफी खोजबीन की, पड़ोसी महिला के घर पर भी जाकर देखा। जब किशोरी नहीं मिली, तो परिजनों ने चरथावल थाने में जाकर नूरुद्दीन और उसकी मां बिल्कीस को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया। परिजनों के आरोप के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस टीम ने आरोपी नूरुद्दीन को मुजफ्फरनगर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। वहीं पीड़िता को भी बरामद कर लिया गया। पीड़िता के पिता के आरोप लगाते हुए कहा कि नूरुद्दीन ने उसकी 15 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मामले पर सीओ सदर यतेंद्र नागर ने बताया कि घटना के मुकदमे की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को भी बरामद कर लिया गया है।

महावीर चौक पर व्यापारी का बैग-काटकर चार लाख रुपये उड़ाए

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। महावीर चौक पर बस से उतरते हुए बिजनौर के कस्बा नजीबाबाद निवासी एक व्यापारी का बैग काटकर चोरों ने 4 लाख रुपए उड़ा लिए। व्यापारी ने घटना की जानकारी थाना सिविल लाइन पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, तो उसमें 6 संदिग्ध लोग नजर आए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार बिजनौर के तहसील नजीबाबाद के गांव हरजूवाड़ा निवासी मोहम्मद जाहिद पुत्र अब्दुल वहाब गांव में ही पुराने टायरों का काम करता है। मोहम्मद जाहिद ने बताया कि शनिवार को वह अपने गांव से चलकर नजीबाबाद होते हुए बस से मुजफ्फरनगर पहुंचा था। उन्होंने बताया कि बस जब महावीर चौक पर पहुंची, तो वह उससे नीचे उतर गए। मोहम्मद जाहिद ने बताया कि बस से उतरकर जब वह ई-रिक्शा की ओर बढ़े, तो उन्होंने देखा कि उनके बैग में ब्लेड मारकर कट किया गया था। उन्होंने अपना बैग चेक किया। इस दौरान देखा की उनके बैग के अंदर रखा छोटा बैग गायब था। छोटे बैग में उनके 4 लाख रखे हुए थे। मोहम्मद जाहिद ने बताया कि जैसी ही उन्हें उनका बैग काटकर उसमें से 4 लाख चुराए जाने की जानकारी हुई, तो उन्होंने शोर मचा दिया। आसपास काफी लोगों की तलाश की, लेकिन कोई नजर नहीं आया। घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सूत्रों की माने तो पुलिस ने इस मामले में छह संदिग्धों को चिह्नित किया है। जिनकी तलाश की जा रही है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने घटना की पुष्टि की है।

थाने के निकट शिक्षा के मंदिर में चोरी

मुजफ्फरनगर, 15 अप्रैल (बु.)। नई मंडी कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर बेखौफ बदमाशों ने शिक्षा के मंदिर को निशाना बनाते हुए वहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि रात किसी समय नई मंडी कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित प्राथमिक विद्यालय नई मंडी कन्या पाठशाला के कमरों एवं स्टोर के ताले तोड़कर बेखौफ बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने स्टोर में रखी बच्चों की पाठ्य सामग्री, एलईडी एवं खिलौने चुरा लिए और फरार हो गए। चोरी का पता आज सवेरे स्टाफ के स्कूल पहुंचने पर हुआ। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस तहकीकात में जुट गई। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल में चोरी की यह तीसरी वारदात है। पुलिस ने घटना के शीघ्र खुलासे का दावा किया है।



रेप के दोषी को 20 साल कैद व 40 हजार जुर्माने की सजा

मुजफ्फरनगर। अदालत ने युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष कैद व 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप पुंडीर ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र में घास लेने गई युवती के साथ 5 वर्ष पूर्व रेप किया गया था। पीड़िता के भाई ने घटना का मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसकी बहन जब अपनी ताई के साथ लोकी कश्यप के खेत से घास लेने गई थी, तो सचिन पुत्र अमन निवासी गांव निरमानी ने उसे जबरन खेत में खींच लिया और उसके साथ रेप किया था। पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने विवेचना कर आरोपी सचिन के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तबसे आरोपी जेल में निरुद्ध है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप पुंडीर ने बताया कि घटना के मुकदमे की सुनवाई विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या 1 के जज रितेश सचदेव